भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली

भाषायी पत्रकारिता पाठ्यक्रमों 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं निर्देश

आई.आई.एम.सी की वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म की उपलब्धता	1 फ़रवरी, 2024
आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि	30 अप्रैल, 2024
पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा	12 मई, 2024 11 बजे से 2 बजे तक
प्रवेश परीक्षा के परिणाम की घोषणा	घोषणा बाद में की जाएगी

प्रवेश परीक्षा केंद्र :

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	प्रवेश परीक्षा केंद्र
1	**पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (उड़िया)**	**आई.आई.एम.सी ढेंकनाल परिसर या आई.आई.एम.सी नई दिल्ली परिसर**
2	**पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (मराठी)**	**आई.आई.एम.सी अमरावती परिसर या आई.आई.एम.सी नई दिल्ली परिसर**
3	**पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (उर्दू)**	**आई.आई.एम.सी नई दिल्ली परिसर**

<u>आवेदन संबंधी निर्देश</u>

1. आवेदक को प्रवेश परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड अर्थात् यूपीआई, भीम ऐप, एनईएफटी, आरटीजीएस अथवा बैंक से बैंक हस्तांतरण आदि के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार करना होगा:-

क्र.सं.	श्रेणी	राशि (भारतीय रुपये में)
1	सामान्य	800/-
2	ओबीसी-एनसीएल/ सामान्य ईडब्ल्यूएस	600/-
3	एससी/एसटी/ थर्ड जेंडर	550/-
4	पी.डब्ल्यू.डी	500/-

2. आई.आई.एम.सी के बैंक खाते का विवरण निम्नलिखित है:
   खाताधारक का नाम : IIMC STUDENT TUITION FEE
   खाता संख्या : 40321700691
   बैंक का नाम: भारतीय स्टेट बैंक,
   शाखा: आर के पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली
   IFSC :SBIN0001076

3. आवेदक को फॉर्म अंग्रेजी या हिन्दी में अपनी लिखावट में भरना होगा।

4. उड़िया, मराठी और उर्दू पाठ्यक्रमों में से केवल एक पाठ्यक्रम/भाषा के लिए आवेदन किया जा सकता है।

5. आवेदक आवेदन फॉर्म पर अपनी हाल की पासपोर्ट फोटोग्राफ चिपकाकर उसपर हस्ताक्षर करेंगें।

6. **शैक्षणिक पात्रता** : वे भारतीय नागरिक, जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्नातक डिग्री (बैचलर डिग्री) है, आवेदन करने के पात्र हैं। वे विद्यार्थी जो स्नातक डिग्री के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल हुए हैं /शामिल हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं। लेकिन चयन हो जाने की स्थिति में उनके प्रवेशकी पुष्टि तभी होगी जब वे 30 सितम्बर, 2024 तक कम से कम कॉलेज/विश्वविद्यालय से अस्थायी अंक तालिका/प्रमाणपत्र की मौलिक प्रति प्रस्तुत दें। (वास्तविक मामलों में कारणों का पता लगाने के बाद इस अवधि को बढ़ाया जा सकता है)।पाठ्यक्रम पूरा होने पर आईआईएमसी के कार्यालय में सत्यापन के लिए मूल डिग्री प्रमाणपत्र दिखाने पर ही डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

7. **जन्मतिथि** : सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी का जन्म 1.8.1999 या उसके बाद (1 अगस्त 2024 तक अधिकतम आयु 25 वर्ष) का होना चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए जन्म 1.8.1994 या उसके बाद (1 अगस्त, 2024 तक अधिकतम आयु 30 वर्ष) का होना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए जन्म 1.8.1996 या उसके बाद (1 अगस्त, 2024 तक अधिकतम आयु 28 वर्ष) का होना चाहिए।

8. आवेदक को आई.आई.एम.सी की वेबसाइट (www.iimc.gov.in) पर उपलब्ध आवेदन फॉर्म को डाउनलोड करके अपनी लिखावट में भरना होगा। उसके बाद उस फॉर्म को निम्नलिखित पते पर **30 अप्रैल, 2024** तक भेजना होगा।

सहायक कुलसचिव,
भारतीय जन संचार संस्थान
अरुणा आसफ अली मार्ग,
जेएनयू न्यू कैंपस, नई दिल्ली-110067.

9. आवेदन पत्र के लिफाफे पर बड़े अक्षरों में **"भाषाई पत्रकारिता पाठ्यक्रम में आवेदन हेतु"** लिखा होना चाहिए। डाक में होने वाले किसी भी प्रकार के विलंब के लिए भारतीय जन संचार संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

10. उपयुक्त दस्तावेजों सहित फॉर्म (languagecoursesiimc2023@gmail.com) पर ईमेल द्वारा भी भेजा जा सकता है।

किसी भी तरह के संदेह/स्पष्टीकरण के लिए विद्यार्थी कार्य दिवसों पर प्रात:11 बजे से शाम 4 बजे तक निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं:

- प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार गोस्वामी (प्रवेश प्रभारी)- 7014551410
- श्री सुभाष कुमार प्रजापति (अकादमिक समन्वयक) -7838055429

21/3/2024

प्रो (डॉ.) राकेश कुमार गोस्वामी
परीक्षा (प्रभारी)